Sixteenth Loksabha

>

Title: Need to stop the illegal mining in Bilwara and pay compensation to affected people.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): महोदया, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।…(व्यवधान)

राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में मेरे लोक सभा क्षेत्र में जिन्दल शॉ लिमिटेड को लौह अयस्क खनन के लिए भारत सरकार द्वारा भूमि आवंटित की गई, जिस पर लम्बे समय से खनन कार्य किया जा रहा है।…(व्यवधान) भीलवाड़ा जिला मुख्यालय के उपनगर पुर में खनन हेतु किए जा रहे अवैध विस्फोटों से लगभग एक हजार मकानों में दरारें आ गई हैं एवं अनेक परिवार घर खाली कर चुके हैं।…(व्यवधान) इस कारण धार्मिक स्थान भी क्षतिग्रस्त हो गये हैं।…(व्यवधान) इससे उपनगर पुर के वासियों में भारी आक्रोश है।…(व्यवधान) मैं सदन का ध्यान इस तरफ आकर्षित करना चाहता हूँ कि यही हालात रहे तो निकट भविष्य में वहाँ बड़ी जनहानि हो सकती है।…(व्यवधान)

महोदया, मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि अवैध ब्लास्टिंग को रोका जाये एवं इसके कारण से अब तक हुए नुकसान का मुआवजा जिन्दल शॉ लिमिटेड से दिलाया जाए तथा इसका खनन पट्टा निरस्त किया जाए ।…(व्यवधान) धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री नन्दी एल्लैया।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : क्या बात है? अभी आपका नाम नहीं आया है। आपका नाम आयेगा। आपका नाम आयेगा, तो मैं आपको बोलने का मौका दूँगी। I am not saying ‘No’.

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : खड़गे जी, मैं आपको भी बोलने का मौका दे दूँगी। आप बैठ जाइए। आप अपना गला ठीक कीजिए। बहुत चिल्लाना हो गया है।

नन्दी एल्लैया जी, आपको नहीं बोलना है।

एंटो एन्टोनी जी, आप बोलिए। एंटो एन्टोनी भी नहीं बोल रहे हैं।

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा जी, आप बोलिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : जिसके बारे में चिल्ला रहे थे, आपका वही विषय है। मैं आपको बोलने का मौका दे दूँगी।

…(व्यवधान)